Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding menace of drug mafia in small towns. of Madhya Pradesh.

श्री कृष्ण पाल सिंह यादव (गुना): अध्यक्ष महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे शून्यकाल में अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखने का मौका दिया है ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में ड्रग माफिया, चरस, गांजा और अफीम का आतंक बढ़ता जा रहा है । अभी कुछ दिन पहले ड्रग्स की वजह से दो लोगों की हत्या हुई है । उनमें एक 19 साल की बच्ची थी और एक पुलिस वाला इन्वॉल्व था । आज कल ड्रग माफिया छोटे-छोटे शहरों को टारगेट बना रहे हैं और इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है । कुछ पुलिस वालों की शंका के आधार पर इनको दूसरी जगह शिफ्ट भी कर दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय, वहां पर अपहरण की भी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं । अभी एक बच्ची को उज्जैन से बरामद किया गया, लेकिन कुछ बच्चों का अभी तक कुछ पता नहीं है । आज की स्थिति यह है कि बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और उनके मां-बाप भी स्कूल भेजने से डर रहे हैं ।

वहां पर अवैध तरीके से अवैध उत्खनन हो रहा है । मध्य प्रदेश में सत्ता पक्ष, कांग्रेस की सरकार है । पुलिस-प्रशासन सिर्फ उनके काम कर रही है । वे अवैध उत्खनन में लिप्त हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कृष्ण पाल सिंह यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।